मुसीबत : तीन महीने में ही ग्रेनो मेट्रो के कार्ड और स्क्रीन डोर खराब

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो मेट्रो को शुरू अभी करीब साढ़े तीन महीने का ही समय हुआ है लेकिन अभी से इसके सिस्टम में खराबी आने लगी है। यात्रियों के स्मार्ट कार्ड खराब होने लगे हैं। प्लेटफॉर्म पर लगाए गए स्क्रीन डोर बंद हो गए हैं। साधारण तरीके से ही यात्री मेट्रो में प्रवेश कर रहे हैं। स्टेशनों पर लगे पैसेंजर इंफॉर्मेशन डिस्प्ले बोर्ड भी बंद हो गए हैं।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 को नोएडा-ग्रेनो मेट्रो का शुभारंभ किया था। लोगों के लिए यह मेट्रो 26 जनवरी से शुरू की गई थी। इस लाइन पर सफर करने के लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने क्यू आर टिकट के साथ-साथ स्मार्ट कार्ड भी लोगों को देने का निर्णय लिया था। स्मार्ट कार्ड से सफर करने पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट मिलती है।

खामी

- इस रूट पर 400 से 500 कार्ड लोग वापस कर चुके
- स्टेशन पर लगे पैसेंजर इंफॉर्मेशन डिस्प्ले बोर्ड भी बंद हो गए

स्टेशनों से यह कार्ड एसबीआई बैंक की तरफ से जारी किए जा रहे हैं। अब इन स्मार्ट कार्ड में खराबी आनी शुरू हो गई है। अब तक सभी स्टेशनों से 400 से 500 कार्ड को लोग वापस कर चुके हैं। एएफसी मशीन में कार्ड ठीक ढंग से रीड नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से स्टेशन के अंदर प्रवेश करने के लिए एएफसी गेट भी नहीं खुल पाते हैं। इसी तरह लोगों की सुरक्षा के लिए स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाए गए थे। इसके तहत स्टेशन के मेट्रो पर पहुंचने पर निर्धारित स्थान पर ही मेट्रो के गेट खुलते हैं।

इस खुले वाले स्थान पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाए गएथे। मेट्रो और इन डोर के समय में तालमेल में कमी आने के कारण यह खराब हो गए हैं। अभी यह सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इसी तरह स्टेशनों पर लोगों को जानकारी देने के लिए लगाए गए पैसेंजर इनफॉरमेशन डिस्पले बोर्ड भी खराब हो रखे हैं।

पैसा वापस आने में 10 दिन लग रहे

कार्ड खराब होने पर इसको वापस करते समय तुरंत नया कार्ड मिल जाता है। लेकिन इसमें जो बैलेंस होगा उसको नए कार्ड में आने में 10 दिन का समय लग रहा है। डीएमआरसी के स्टेशनों पर तीन दिन में ही बैलेंस कार्ड में पहुंच जाता है। स्टेशनों से शुरुआत में स्मार्ट कार्ड लेने के लिए 300 रुपये देने पड़ रहे हैं। इसमें 100 रुपये कार्ड की कीमत और 200 रुपये का रिचार्ज शामिल है। अधिकतम 2 हजार का रिचार्ज कराया जा सकता है।

26 जनवरी से लोगों के लिए शुरू हुई थी नोएडा-ग्रेनो मेट्रो

13 लाख 50 हजार से अधिक लोग अब तक कर चुके हैं सफर

नगद देने पर ही मिल रहा कार्ड

स्मार्ट कार्ड लेने के लिए अब नगद पैसे ही लिए जा रहे हैं। दावा किया गया था कि जल्द ही इसका भुगतान कार्ड व अन्य ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।

" मैंने फरवरी के पहले सप्ताह में सेक्टर-50 स्टेशन से नया स्मार्ट कार्ड लिया था। अब यह कार्ड मशीन में काम नहीं कर रहा है। इसको बदलकर नया कार्ड लिया है। अभी बैलेंस भी ट्रांसफर नहीं हुआ है। -रोशम सिंह, सेक्टर-71

कार्ड में खराबी की शिकायतें मिली हैं। डिस्प्ले बोर्ड में एक साथ तीन मेट्रो के आने का समय दिखा रहा था, इस वजह से उसको बंद कर दिया गया है। स्क्रीन डोर को टेस्टिंग के बाद बंद कर दिया गया था। अब सही तरीके से ये सुविधाएं जल्द शुरू हो जाएंगी। -संध्या शर्मा, प्रवक्ता, एनएमआरसी "